समाचार

राजस्व मंत्री ने वार्ड क्र. 06 व 21 का दौरा कर निगम के सफाई कार्यो का किया निरीक्षण, देखी शहर की सफाई व्यवस्था

(स्वच्छता कार्यो को एक बड़े अभियान के रूप में संपादित कराने के दिए निर्देश, वार्डवासियों से भेंट मुलाकात कर जानी उनकी समस्याएं, कहा जनसमस्याओं का करें त्वरित निराकरण)

कोरबा 27 फरवरी 2023 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती कोरबा एवं वार्ड क्र. 21 बुधवारी व कांशीनगर आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर निगम द्वारा संचालित किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण किया तथा सफाई कार्यो को एक बड़े अभियान के रूप में संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होने वार्डवासियों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं व विकास संबंधी आवश्यकताओं पर चर्चा की तथा समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद सहित पार्षदगण उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान इतवारी बाजार व्यापारी संघ के सदस्यों ने राजस्व मंत्री से भेंट कर अपनी समस्याओं की जानकारी दी, जिस पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत एक सप्ताह से निगम क्षेत्र के सभी जोनांतर्गत निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार विशेष सफाई अभियान का संचालन किया जा रहा है, 20 फरवरी से 15 मार्च तक संचालित होने वाले सफाई अभियान के तहत निगम द्वारा वार्ड एवं बस्तियों में विशेष साफ–सफाई कार्यो के साथ–साथ कीटनाशक दावाओं व मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। आज राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया, राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल वार्ड क्र. 06 इतवारी बाजार पहुंचे तथा सिंधी गुरूद्वारा होते हुए हेमूकालाणी मंदिर चौक तथा वार्ड क्र. 06 के विभिन्न

मोहल्लों एवं गलियों का भ्रमण कर सफाई कार्यो का जायजा लिया, उन्होने इतवारी बाजार में जीर्ण-शीर्ण शौचालय का जीर्णोद्धार व नवनिर्माण कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होने वार्ड के नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं व विकास संबंधी आवश्यकताओं पर चर्चा की, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल आगे इसी कड़ी में वार्ड क्र. 21 बुधवारी पहुंचे, उन्होने दशहरा मैदान होकर अंदर बस्ती कांशीनगर व बुधवारी का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया, नालियों की सतह से सफाई, घांस, बर्म आदि की सफाई, उत्सर्जित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन तथा नालियों आदि में कीटनाशक दवाओं का पर्याप्त रूप से छिड़काव आदि कार्यो के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण – राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने घंटाघर ओपन थियेटर स्थित चौपाटी के समीप नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निर्मित की जा रही सीमेंट कांक्रीट रोड का निरीक्षण किया, कार्य की गुणवत्ता को देखा तथा कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, निर्धारित मानक के अनुसार कार्य संपादित कराने तथा समयसीमा में कार्य को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नालियों के जीर्णोद्धार व नवनिर्माण पर फोकस – विशेष स्वच्छता अभियान के निरीक्षण के दौरान राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जहॉ पर नालियॉ टूटी-फूटी हुई हैं, उनका प्राथमिकता के साथ जीर्णोद्धार कराया जाए तथा जहॉ नए नाली के निर्माण की आवश्यकता है, वहॉ पर नई नालियॉ बनाई जाएं। उन्होने कहा कि ओपन नालियों को ढकने की कार्यवाही भी कराएं तथा आवश्यकतानुसार स्लैब आदि के माध्यम से नालियों को ढके, नालियों की लगातार सफाई कराएं ताकि पानी व कचरे के जमाव की स्थिति न बने तथा पानी की निकासी निर्वाध रूप से होती रहे।

इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के साथ ही एम.आई.सी.सदस्य प्रदीप जायसवाल, सुखसागर निर्मलकर, पार्षद धरम निर्मले, एल्डरमेन सनददास दीवान, बच्चूलाल मखवानी, गौरी चौहान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, वरूण गोस्वामी आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।